
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024



# डाइट प्लान रखें सही कोलेस्ट्रॉल रहेगा कंट्रोल

आज के दौर में डाइट को लेकर लापरवाही बरतने की वजह से ओल्ड ही नहीं यंग और मिड एज के लोगों में भी कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ जाता है। इससे कई डिजीजेज का रिस्क बढ़ जाता है। ऐसे में डाइट को कंट्रोल करना बहुत जरूरी है।

**डाइट सजेशन**

डॉ. माजिद अलीम



हमारे रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा का अधिक होना, हृदय रोग को बुलावा देना है। कोलेस्ट्रॉल हमारे शरीर में तब तक हार्मफुल नहीं होता है, जब तक इसकी मात्रा जरूरत से ज्यादा ना हो। हमारे शरीर की कोशिकाओं के निर्माण, विटामिंस और अन्य हार्मोन बनाने के लिए इसकी जरूरत होती है। हमें कोलेस्ट्रॉल दो स्रोतों से मिलता है- पहला हमारा लिवर अपनी जरूरत के हिसाब से कोलेस्ट्रॉल बनाता है। दूसरा, यह हमें विभिन्न खाद्य पदार्थों जैसे- मांस, मछली और डेयरी उत्पादों से प्राप्त होता है। ये खाद्य पदार्थ ट्रांसफैट युक्त होते हैं, यही वसा हमारे शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाती है। कोलेस्ट्रॉल हमारे रक्त में सर्कुलेट होता है। जब शरीर में इसकी मात्रा बढ़ती जाती है, तो हमारे हेल्थ पर कई बीमारियों का रिस्क बढ़ जाता है।

**फैट इनटेक को समझें:** इस बात को समझना जरूरी है कि हम अपनी डाइट में जो फैट लेते हैं, वह शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को प्रभावित करता है। इसलिए खाना पकाने के लिए सही तेल का यूज करना जरूरी है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को ना बढ़ाए। चावल की भूसी, तिल का तेल, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, कैनोला, जैतून आदि के तेल खाना बनाने में इस्तेमाल करना फायदेमंद है। इसके अलावा सलाद ड्रेसिंग, डिप्स और सॉस, बाजार से लेने की बजाय घर पर बनाएं। खाद्य पदार्थों को डीप फ्राय के बजाय ग्रिल करें, रोस्ट या बेक करें ताकि शरीर में कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल किया जा सके।



**कोलेस्ट्रॉल के प्रकार:** कोलेस्ट्रॉल दो तरह का होता है। एक, एलडीएल कोलेस्ट्रॉल- जो हमारे लिए नुकसानदेह होता है। दूसरा, एचडीएल कोलेस्ट्रॉल-जो हमारे शरीर के लिए अच्छा होता है। एलडीएल का बहुत अधिक होना या एचडीएल का पर्याप्त मात्रा में ना होने से यह कोलेस्ट्रॉल धीरे-धीरे हमारी धमनियों की भीतरी दीवारों में जमा हो जाता है और एक मोटी और सख्त परत बना देता है। नतीजतन, धमनियां सख्त हो जाती हैं और उनका रास्ता संकरा हो जाता है। इससे शरीर में रक्त के थक्के बनने लगते हैं, इन संकरी धमनियों में अगर अवरोध पैदा हो जाए, तो इससे दिल का दौरा या स्ट्रोक हो सकता है। ऐसे में यहां बताए जा रहे सरल उपायों से हम कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित कर सकते हैं।

**फास्ट-जंक फूड से परहेज:** कोलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण के लिए जहां ज्यादा कोलेस्ट्रॉल युक्त भोज्य पदार्थों में कटौती करना जरूरी होता है, वहीं भोजन की कुल कैलोरीज पर भी नियंत्रण करना जरूरी होता है, तभी कोलेस्ट्रॉल की गति पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके लिए हमें जंक फूड और फास्ट फूड से जितना हो सके दूर रहना चाहिए।

**दूध का सेवन:** जो लोग फुलक्रीम दूध पीना पसंद करते हैं, उन्हें इससे परहेज करना चाहिए। फुलक्रीम दूध, पनीर, मलाई, खोया, मक्खन और देसी घी की जगह डबल टोंड दूध का उपयोग करें। डबल टोंड दूध के ही प्रोडक्ट लें क्योंकि फुलक्रीम दूध सैचुरेटेड ज्यादा होता है, जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है।

**फल-सब्जियां खाएं:** साबुत अनाज, बींस, फलियां, मेवे, सब्जियां, मछली और सी फूड जैसे कम कोलेस्ट्रॉल युक्त, एनिमल प्रोटीन से भरपूर हेल्दी डाइट लें। मीठे खाद्य पदार्थ और रेड मीट, नमकीन खाद्य पदार्थ, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और ज्यादा पॉश्चुराइज्ड खाद्य पदार्थों का कम से कम सेवन करें। छिलकेदार दालें, चोकर और साबुत अनाज के पानी में घुलनशील रेशे ज्यादा होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल में रखते हैं और शरीर में उसके एब्जॉर्ब होने की क्रिया पर रोक लगाते हैं। इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल घटता है और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल में बढ़ोत्तरी होती है। इनके अलावा फिजिकल एक्टिविटीज से भी कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल किया जा सकता है। इस तरह आप हार्ट प्रॉब्लम के रिस्क को काफी कम कर सकते हैं। *

# हमेशा रहना है फिट-एक्टिव बोंस हेल्थ पर दें ध्यान

बढ़ती एज में हमारी फिटनेस और एक्टिवनेस काफी हद तक हमारी बोंस हेल्थ पर निर्भर करती है। इसलिए मिड एज और ओल्ड एज में हमारी फिटनेस बनी रहे, इसके लिए यंग एज से ही बोंस हेल्थ पर ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही वीक बोंस की वजहों के बारे में और उससे बचाव के तरीकों के बारे में भी आपको पता होना चाहिए।

**फिटनेस**

रेखा देशराज



अपनी छोटी सी न्यूक्लियर फैमिली के साथ आशुतोष बैंक में जॉब करते हैं। घर और बाहर दोनों जगह की जिम्मेदारी बखूबी संभालते हैं। सुबह समय पर ऑफिस पहुंचना, बैंक में दिन भर पब्लिक डीलिंग की आपा-धापी, फिर शाम को घर पहुंचकर बच्चों को पढ़ाना और चूंकि एक अखबार के लिए आर्थिक मसले पर साप्ताहिक कॉलम भी लिखते हैं, इसलिए उसकी तैयारी करना। इस सबके अलावा चूंकि उनके मां-बाबूजी गांव में रहते हैं, इसलिए हर दिन उन्हें फोन करना, हाल-चाल पूछना आदि भी उनकी व्यस्त दिनचर्या का हिस्सा होता है। इस सबके बीच पहले जब उन्हें कभी कमर आदि में दर्द होता था, तो वह इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे। लेकिन 45 पार करते-करते उन्हें महसूस होने लगा कि अब उनके शरीर में बदलाव हो रहे है। एक किलोमीटर पैदल चलने पर भी अब उन्हें थकान होने लगती है। उनके एक घुटने में लगातार दर्द रहने लगा है। साथ ही दांतों से संबंधित समस्याएं भी होने लगी हैं। हाल में ही वह जब डॉक्टर से मिले और उनके कहने के मुताबिक चेकअप कराया तो पता चला उनकी हड्डियों में कमजोरी है, उनमें पोषण की कमी है।

## बोंस वीकनेस की वजहें

आशुतोष जी की कहानी हममें से ज्यादातर लोगों की हो सकती है, क्योंकि हम सब युवावस्था में अधिकतर अपनी हड्डियों पर जरा भी ध्यान नहीं देते। कहीं दर्द हुआ तो इसे कोई समस्या मानने की बजाय लाइफस्टाइल का हिस्सा समझते हैं। जबकि हमें तभी अपनी हड्डियों के चेकअप की जरूरत होती है। कहीं पर नियमित दर्द होना खासकर जोड़ों में, हड्डियों से उसका रिश्ता होता है। समय पर हड्डियों पर ध्यान देना इसलिए जरूरी होता है क्योंकि हमारे शरीर का मूल ढांचा वही होती हैं। हड्डियों से संबंधित समस्याएं शरीर में कैल्शियम, विटामिन डी और फास्फोरस की कमी से हो सकती हैं। इस कमी की कई वजहें हो सकती हैं-भोजन में पोषक तत्वों की कमी, एक्सरसाइज बिल्कुल ना करना, शरीर को जरूरी धूप ना मिलना आदि।

## वीक बोंस के लक्षण

चलने-फिरने में थकान महसूस होना, कंधें में या घुटनों में दर्द, पूरे शरीर में दर्द या पैदल चलने के बाद जोड़ों में दर्द होना, ये सब कमजोर हड्डियों के सूचक होते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा है तो अपनी हड्डियों की मजबूती के लिए सचेत हो जाइए।



## नहीं बरतनी चाहिए लापरवाही

अगर डॉक्टर की सलाह पर शुरुआती लक्षणों के सामने आते ही हम इन कमियों को दूर कर लेते हैं तो हड्डियों की समस्याएं समय रहते दूर हो जाती हैं वरना कुछ ही दिनों में विकराल समस्या का रूप ले लेती हैं। विशेषकर महिलाओं के लिए लापरवाही आगे चलकर बड़ी समस्या बन सकती है। दरअसल, हड्डियों की मजबूती काफी हद तक हमारे शरीर में कैल्शियम की मौजूदगी पर निर्भर करती है। शरीर में यदि पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम है तो हड्डियां ताउम्र मजबूत रहती हैं वर्ना शरीर की मांसपेशियों की मांसलता में कमी होते ही ये चटखने लगती हैं। इसलिए मिड एज के बाद कैल्शियम की रेग्युलर टेस्टिंग जरूरी है। इसमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

## यंग एज में भी बढ़ रहा रिस्क

वीक बोंस होने पर 45-50 की उम्र पार करते ही कमजोर हड्डियों वाले स्त्री-पुरुषों को ऑस्टियोपोरोसिस घेरने लगता है। लेकिन आजकल खराब लाइफस्टाइल के कारण यह 30 पार करने के बाद भी लोगों को अपनी चपेट में लेने लगा है। दरअसल, दिन के ज्यादातर समय कृत्रिम रोशनी में गुजारने वाले युवकों के शरीर में भी विटामिन-डी3 की कमी हो जाती है। इसके अलावा एक्सरसाइज से बचना स्थिति को और भी गंभीर बना देता है। आजकल आरामपसंद कई लोग छुट्टी वाले पूरे दिन भी वातानुकूलित कमरे गुजार देते हैं। ये लोग भूल जाते हैं कि इनके शरीर को विटामिन-डी3 की भी आवश्यकता है, जो सूरज की धूप से नेचुरली मिलती है। आजकल लोग अपने छोटे बच्चों को भी घर के बाहर धूप में खेलने नहीं देते इसलिए बचपन से ही हड्डियों की मजबूती खतरे में पड़ जाती है। चिकित्सकों का मानना है कि धूम्रपान, नशा और आरामतलब जीवनशैली का सबसे ज्यादा बुरा असर हड्डियों पर ही पड़ता है।

### रेग्युलर टेस्ट है जरूरी

आज की लाइफस्टाइल को देखते हुए तीस साल की उम्र के बाद एक बार हड्डियों की जांच जरूर करा लेनी चाहिए ताकि पता चल सके कि हमारी हड्डियों की स्थिति क्या है? चालीस साल से ऊपर की महिलाओं और 50 साल के ऊपर के पुरुषों के लिए तो यह जांच अनिवार्य हो जाती है। साथ ही कुछ-कुछ सालों के अंतराल पर बोन डेंसिटी टेस्ट भी कराते रहना चाहिए।



## न्यूट्रिशस डाइट-एक्सरसाइज

स्ट्रॉन्ग बोंस के लिए बचपन और टीनएज में खान-पान ऐसा होना चाहिए, जिससे हड्डियों को पूर्ण पोषण मिल सके। प्रतिदिन एक गिलास दूध या दूध से बने खाद्य पदार्थ पनीर, मक्खन, दही आदि खाना चाहिए। हर दिन 20 से 25 मिनट धूप में रहना चाहिए। इस सबके साथ हर दिन कम से कम आधा घंटा व्यायाम बहुत जरूरी है। व्यायाम के लिए स्वीमिंग, ऐरोबिक्स या साइक्लिंग जैसी एक्सरसाइज कम उम्र के लोगों के लिए उपयुक्त होती है। 40-50 साल की आयु के बाद एक्सरसाइज में ब्रिस्क वॉक जैसी एक्सरसाइज हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी होती है। लेकिन शरीर में कैल्शियम और विटामिन-डी3 कमी को पूरा करने के लिए कोई भी सप्लीमेंट डॉक्टर की सलाह पर ही लेनी चाहिए। *



### तब हो जाएं एलर्ट

- अगर जरा सी चोट लगने पर फ्रेक्चर हो जाए।
- हड्डियों और जोड़ों में अकसर दर्द रहता हो।
- नाखून कमजोर हों और जरा सी चोट पर फट जाते हों।
- नाखून बहुत धीमी रफ्तार से बढ़ते हों और टूटकर उल्टी दिशा में मुड़ जाते हों।
- दिन भर थकान महसूस होती हो।



# बचपन में हाई बीपी कई गुना बढ़ाता है स्ट्रोक का रिस्क

**हेल्थ स्टडी**

आज के दौर में दिल के दौरे और स्ट्रोक के मामले में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। लोग मानते हैं कि अनियमित खान-पान के कारण ऐसा हो रहा है। लेकिन हाल ही में हुई एक स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि बचपन और किशोरावस्था में होने वाला हाई ब्लड प्रेशर, वयस्क होने पर दिल के दौरे और स्ट्रोक जैसे गंभीर स्वास्थ्य खतरों को चार गुना तक बढ़ा देता है। बचपन में होने वाले हाई ब्लड प्रेशर को लेकर किया गया यह शोध कनाडा के ओंटारियो में 1996 से 2021 के बीच 25,605 बच्चों और किशोरों पर किया गया, जिनमें हाई बीपी की समस्या थी। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन बच्चों और किशोरों में बचपन से ही हाई ब्लड प्रेशर था, उनमें बड़े होने पर दिल का दौरा, स्ट्रोक या दिल से जुड़ी सर्जरी का खतरा उन लोगों की तुलना में दो से चार गुना अधिक था, जिनमें यह समस्या नहीं थी। कनाडा के शोधकर्ताओं का यह शोध हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और कम उम्र में ही इसके खतरों को कम करने के महत्व को रेखांकित करता है।



शोधकर्ताओं ने अपने इस शोध से निष्कर्ष निकाला कि बचपन में हाई ब्लड प्रेशर का वयस्क जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है और यह दिल की बीमारियों का एक प्रमुख जोखिम कारक है। शोधकर्ताओं का यह शोध इस बात पर जोर देता है कि बच्चों और किशोरों में हाई ब्लड प्रेशर को जल्दी पहचानना और उसका इलाज करना बेहद जरूरी है। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों को पहचानना मुश्किल हो सकता है क्योंकि अकसर सामान्य लक्षणों जैसे सिरदर्द, थकान, नाक से खून आना और सांस लेने में तकलीफ के कारण लोग भ्रमित हो जाते हैं। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें मोटापा, परिवार में हाई ब्लड प्रेशर का इतिहास, किडनी की समस्याएं और कुछ दवाएं शामिल हैं। बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर का इलाज लाइफस्टाइल में बदलाव, दवाओं और अन्य मेडिकल ट्रीटमेंट के माध्यम से किया जा सकता है। लाइफस्टाइल में बदलाव जैसे हेल्दी डाइट, नियमित व्यायाम और बैलेंस्ड बॉडी वेट रखना हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस बारे में शोधकर्ताओं का कहना है कि इस समस्या से बचने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों की सेहत के प्रति सजग रहना चाहिए और नियमित रूप से बच्चों की जांच करानी चाहिए। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

# कैल्शियम की कमी से हो सकती कई प्रॉब्लम्स

आमतौर पर माना जाता है कि कैल्शियम की कमी से केवल बोंस वीक होती हैं। यह तो सही है ही लेकिन इससे हेल्थ संबंधी कई और प्रॉब्लम्स भी हो सकती हैं। इनके बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

**अवेयरनेस**

शिखर चंद जैन



शरीर में कैल्शियम की कमी से कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए अपने भोजन में इस महत्वपूर्ण मिनरल की कमी ना होने दें, इस बात का पूरा ध्यान रखें।

**दांत और हड्डी:** शरीर में कैल्शियम की कमी का सबसे पहले दांतों और हड्डियों पर विपरीत असर पड़ता है। शरीर में मौजूद 99 फीसदी कैल्शियम दांतों और हड्डियों के निर्माण में ही काम आता है। बाकी मसल्स और टिश्यू की कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने में काम आता है। जब हम अपनी डाइट में कैल्शियम नहीं लेते, तो हड्डियां और नाखून कमजोर होने लगते हैं और जोड़ों के दर्द की समस्या भी होने लगती है।

**अनियमित हार्ट बीट:** हार्ट के सही तरीके से काम करने के लिए भी कैल्शियम बेहद जरूरी है। इसके अभाव में हृदय की धड़कन यानी हार्ट बीट्स बढ़ सकती हैं, जिससे बेचैनी महसूस हो सकती है। कैल्शियम हार्ट को ब्लड की पंपिंग में मदद करता है और इसकी कार्यप्रणाली को स्मूद करता है।

**न्यूरो प्रॉब्लम:** कैल्शियम की कमी, सिरदर्द और मिर्गी के दौरे का सबब बन सकती है। सिर में अत्यधिक दबाव के कारण टीस सी उठने लगती है। कई बार इस मिनरल की कमी डिप्रेशन, अनिद्रा, पर्सनालिटी चेंज और डिमेंशिया जैसे न्यूरोसाइकिएट्रिक समस्याओं का भी सबब बन जाती है।

**मांसपेशियों में ऐंठन:** अगर मांसपेशियों में रह-रहकर खिंचाव आ जाता है, तेज दर्द होता है या ऐंठन आने लगती है, तो समझ जाएं कि यह कैल्शियम की कमी के शुरुआती संकेत हैं। कैल्शियम की कमी से पैरों की मसल्स और जोड़ों के आस-पास क्रैंप्स आते हैं। ऐसा अधिकतर रात के वक्त होता है।

**ड्राइ स्किन-एक्जीमा:** शरीर में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा रहने से स्किन की नमी बरकरार रहती है। अगर आपकी त्वचा रूखी और बेजान है, तो यह कैल्शियम डेफिसिएंसी का संकेत हो सकता है।

**अंगों में सुन्नता:** अगर अंगों में सुन्नता या शिथिलता महसूस होने लगे, तो यह कैल्शियम की कमी की ओर इशारा करता है। इसका समय रहते उपाय ना किया जाए, तो ओस्टियोपोरोसिस की आशंका बढ़ जाती है।

**पीएमएम के लक्षण:** कैल्शियम की कमी से महिलाओं में प्रीमेंस्टुअल सिंड्रोम के लक्षण तीव्र हो जाते हैं। पीठ, कमर और पेट में दर्द अधिक होने लगता है। कुछ महिलाओं में तो ब्लड फ्लो भी बढ़ जाता है।

**दांतों में पीलापन:** शरीर में मौजूद कैल्शियम को दांत भी एब्जॉर्ब करते हैं। जब इसकी कमी होने लगती है तो दांतों में पीलापन नजर आने लगता है। इस तरह दांतों में पीलेपन की एक वजह कैल्शियम की कमी भी हो सकती है।

**कैल्शियम की डोज:** वयस्क पुरुष को प्रतिदिन 1200 एमजी कैल्शियम की जरूरत होती है, महिला को 1500 एमजी और बच्चों को 1000-1200 एमजी की जरूरत होती है। कुछ फूड्स के प्रति 100 ग्राम में कैल्शियम की मात्रा इस प्रकार होती है- गेहूं में 50 एमजी, सोयाबीन में 260 एमजी, मटर में 200 एमजी, राजमा में 240 एमजी, गाय के दूध में 120 एमजी, स्किम्ड मिल्क में 120 एमजी और दही में 150 एमजी। इस आधार पर अपनी डाइट प्लान कर सकते हैं। लेकिन आहार में कैल्शियम सप्लीमेंट शामिल करने से पहले डॉक्टर से सलाह अवश्य ले लें। अपने मन से सप्लीमेंट लेने का फैसला नुकसानदायक हो सकता है। *

**(डायटीशियन संगीता मिश्र से बातचीत पर आधारित)**

# ब्रेन स्ट्रोक मेडिकल ट्रीटमेंट में ना करें देर

ब्रेन स्ट्रोक एक सीरियस मेडिकल डिजीज है। हर साल 29 अक्टूबर को वर्ल्ड स्ट्रोक-डे मनाया जाता है, ताकि इसकी गंभीरता के बारे में ना सिर्फ आम लोगों को जागरूक किया जा सके बल्कि इसके उपचार और बचाव के संबंध में भी बेहतर तैयारी की जा सके।

**अवेयरनेस**

डॉ. एम. अलीम

ब्रेन स्ट्रोक को आमतौर पर सिर्फ 'स्ट्रोक' भी कहा जाता है। किसी इंसान को स्ट्रोक तब पड़ता है, जब मस्तिष्क को रक्त की जरूरी आपूर्ति अवरुद्ध हो जाती है। इस प्रक्रिया को सेरेब्रो वेस्कुलर दुर्घटना (सीवीए) भी कहा जाता है। वास्तव में जब मस्तिष्क की रक्त आपूर्ति बाधित हो जाती है तो उसे पर्याप्त ऑक्सीजन या पोषक तत्व नहीं मिलते हैं, इससे स्ट्रोक आ जाता है।

**कई तरह के स्ट्रोक:** स्ट्रोक की अलग-अलग प्रकृति होती है। यह कुछ मिनटों से लेकर कई दिनों तक रह सकता है। स्ट्रोक होने के बाद, लोग अलग-अलग समय सीमा के भीतर ठीक हो जाते हैं, जिसमें स्ट्रोक की गंभीरता के आधार पर महीनों या साल भी लग सकते हैं। साथ ही कुछ के लक्षण 24 घंटे में भी गायब हो जाते हैं। दरअसल, नसों में ब्लड क्लॉट जमने से मिनी स्ट्रोक पड़ता है। जिससे खून पूरी गति के साथ घूम नहीं पाता है। लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं। लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर से तुरंत कंसल्ट करना चाहिए।

**चिंताजनक हैं आंकड़े:** वर्ष 1990 में ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के एक अध्ययन के मुताबिक ब्रेन स्ट्रोक दुनिया भर में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण था। साल 2010 में यह अध्ययन दोबारा से हुआ और तब पता चला कि दुनिया में हर साल 58.70 लाख लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हो जाती है। जबकि 1990 में जब पहली बार इस पर अध्ययन हुआ था, तब इससे हर साल 46.60 लाख लोगों की मौतें हो रही थीं। कहने का मतलब यह कि 1990 से 2010 के बाद यानी दो दशकों में स्ट्रोक से होने वाली मौतों में 26 फीसदी का इजाफा हुआ। इसके बाद से भी लगातार स्ट्रोक की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

**स्ट्रोक के कारण:** स्ट्रोक का सबसे बड़ा नींद की कमी, खान-पान और एक्सरसाइज में संतुलित तालमेल का ना होना, मोटापा, ब्लड प्रेशर और प्रदूषण जैसी समस्याओं के कारण स्ट्रोक की समस्या बेलगाम हो गई है। पहले जहां स्ट्रोक एक उम्र के बाद आया करता था, वहीं अब यह किसी भी उम्र के व्यक्ति को आ जाता है। साथ ही महिलाओं को स्ट्रोक आने की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। स्ट्रोक कम उम्र के नौजवानों को भी अब ज्यादा चपेट में ले रहा है।



**इससे बढ़ता है रिस्क:** जब हमारा उच्च रक्तचाप नियंत्रण से बाहर होता है। हमारी आहार आदतों के कारण कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाती है। मधुमेह अनियंत्रित होती है, फलों और सब्जियों की हमारे खान-पान में बिल्कुल ही नहीं या बहुत कम भागीदारी होती है, तो ब्रेन स्ट्रोक की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए धूम्रपान पूरी तरह से छोड़ दें, शराब बिल्कुल ना पीएं, हर दिन मौसमी फल और हरी सब्जियां जरूर खाएं।

**अवेयरनेस है जरूरी:** आज की तारीख में भारत में स्ट्रोक एक बहुत बड़ी स्वास्थ्य चिंता है। विश्व स्ट्रोक दिवस मनाये जाने के पीछे मकसद यह है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसकी भयावहता को समझें और इसके संकेतों, लक्षणों आदि से जागरूक हों, ताकि असमय मृत्यु से बचने की कोशिश कर सकें। *



तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024

14 रामायण में है भगवान राम और देवी सीता के चरित्र...



14 फसलों को कीट प्रकोप से बचाने किसानों को...








## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन आज

**बलौदाबाजार।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सकरी बलौदाबाजार में सुजुकी मोटर हसंलपुर प्लांट गुजरात प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 24 अक्टूबर को एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी व्यवसायों फिटर, मेकेनिक डीजल, मोटर मेकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, इलेक्ट्रानिंक, शीट मेटल टूल्स एझड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई ऑटोमोबाइल, ट्रेक्टर मेकेनिक, वायरमेन एवं पेंटर हेतु प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शासकीय एवं निजी आईटीआई से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ कैम्पस में अधिक से अधिक संस्था में उपस्थिति होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी आईटीआई बलौदाबाजार में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

### सोनाखान का जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**बलौदाबाजार।** कसडोल विकासखंड के ग्राम सोनाखान में 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। शिविर स्थल एवं तिथि में संशोधन कर दिया गया है। अब कसडोल विकासखंड के ही ग्राम बोरसी में 8 नवम्बर को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर संशोधित आदेश जारी कर दिया गया है।

### बेहतर नेटवर्क के लिए 35 पंचायतों में लगा मोबाइल टॉवर

**बलौदाबाजार।** ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से 35 ग्राम पंचायतों में सूचना एवं प्रोद्योगकी विभाग के माध्यम से कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार विभिन्न कंपनियों द्वारा मोबाइल टॉवर लागए गए हैं। इनमे से 34 टॉवर को सक्रिय कर दिया गया है। ई –ड्रिरिकट मैनेजर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बलौदाबाजार अतर्गत ग्राम, पंचायत सलोनी, कंजी, कुकुरदी, सोनाडीह, खटियापाटी, नयापारा, मुण्डा, भरसेला एवं रिसदा में नया टॉवर लगाए गए हैं। इसीतरह विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम अकोली, मल्दी, अकलतरा, सिंगारपुर, टोनाटार, मोपर, कोदवा एवं खपराडीह, पलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सलोनी, टिपवन, सिसदेवरी, गिधपुरी, विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम बरेली, टुंडरा, सबर, देवरीकला, असनीद, मनाकोनी, विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम मुड़पार, लवर, बिलाईडबरी, ओटगन, रोहरा, मोहभट्टा, नेवधा एवं खिलोरा शामिल हैं।

### सख्ती : तहसीलदार और सीएमओ ने संयुक्त रूप से की कार्रवाई

# निस्तारी नाली पर बना डाली दुकान नपं ने बुलडोजर चलाकर ढहा दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर पंचायत सिमगा में सरोपी तालाब के पास रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर बने आम निस्तारी शासकीय नाली पर अतिक्रमण कर महालक्ष्मी सेल के संचालक द्वारा किए गए अवैध कब्जे को आज तोडू दस्ता ने पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटाया। तोडू दस्ते की टीम में तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा नगर पंचायत सिमगा के सीएमओ यशवंत वर्मा एवं सिमगा पटवारी सीकेश ध्रुव पुलिस बल शामिल थे। इस दौरान अतिक्रमण हटाने गए टीम को दुकान संचालक एवं उनके समर्थकों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। तहसीलदार मिश्रा ने बताया कि उक्त दुकान के संचालक को नगर पंचायत द्वारा पूर्व में नोटिस दिया जा चुका है तथा शासकीय नाली पर से अवैध कब्जा हटाने कहा गया। लेकिन दुकान संचालक की हठधर्मिता के चलते आज यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि दुकान के निर्माण कार्य का विधिवत सीमांकन कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नगर के शासकीय नालियों में अतिक्रमण के चलते साफ सफाई नहीं हो पाती है, जिसके कारण गंदा पानी रोड पर बहने लगता है। आज की इस हुई कार्रवाई की नगर में जन चर्चा है।

▪ टीम को दुकान संचालक और उनके समर्थकों के विरोध का करना पड़ा सामना



# हाईवा एवं ट्रैक्टर सहित रेत से भरे 9 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध रेत परिवहन के मामलों में तेजी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत खनन और भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई, जिसमें विगत दो दिनों में हाईवा एवं ट्रैक्टर सहित 9 रेत से भरे वाहन जब्त किए गए। जिला खनिज अधिकारी केके बंजारे ने बताया कि देर रात एवं सुबह खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण के संबध में जांच की गई। जांच के दौरान पलारी तहसील तहसील अंतर्गत ग्राम गिधपुरी एवं तहसील लवन में महानदी क्षेत्र में हो रहे अवैध उत्खनन संलिप्त 9 वाहन जब्त कर वाहन नजदीकी थाना के सुपुर्दगी में रखा गया है। सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

▪ अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई





# सौदान सिंह और किरण सिंह देव पहुंचे शिवरतन के निवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बुधवार को भाटापारा के पूर्व विधायक, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के निवास पहुंच कर उनकी भाभी स्व. बिमला देवी शर्मा के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। गौरतब है कि पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा की भाभी स्व. बिमला देवी शर्मा का 7 अक्टूबर को निधन हो गया। निवास स्थान में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, छगन मुंधड़ा, नितिन अग्रवाल उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# जनजातीय गौरव दिवस कॉलेज में मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शासकीय गजानंद महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिता सरी ने की। इस मौके पर प्रोफेसर खुजुर, नवनीत द्विवेदी, लिलेश्वर साहू व अन्य सभी छात्र मौजूद थे।

आयोजन में मुख्य वक्ता एडिशनल एसपी सिदार मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित थे। साथ में शहर थाना प्रभारी प्रविेश तिवारी व अभिषेक मिश्रा उपस्थित थे। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि जनजातीय समाज भारत के वैभवशाली इतिहास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कर रहा है। भविष्य में भी इनका देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। वहीं जनजातीय समाज का राष्ट्रीय सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में जो एतिहासिक योगदान रहा, उस पर एडिशनल एसपी सिदार ने विस्तार से प्रकाश डाला। अभिषेक मिश्रा ने भी जनजातीय समाज के जननायक जो देशों उपकार में अपना योगदान दिए उनके लिए हमेशा कृतज्ञता व्यक्त की।

# 75 लीटर शराब जब्त, लहान किया नष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले की सयुंक्त टीम ने ग्राम सुढहेली में बुधवार को दबिश देकर 33,900 रुपये की महुआ शराब को जब्त और महुआ लहान को नष्ट किया। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(2), 59(क) का प्रकरण कायम कर पतासाजी की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संयुक्त टीम ने ग्राम सुढहेली में दबिश के दौरान 1 चढ़ी हुई भट्टी मिली तथा 3 जरीकेन में 20–20 लीटर का 60 लीटर तथा 60 नग पाउच में 15 लीटर कुल 75 लीटर महुआ मदिरा जब्त की गई। महुआ शराब निर्माण के लिए तैयार 22 बोरियों में भरी 20–20 किलो कुल 440 किलोग्राम महुआ लहान जब्त किया गया तथा सैंपल लेकर गवाहों के समक्ष महुआ लहान नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक मदनलाल ध्रुव, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी, राजकुमारी पैकरा उपस्थित थे।

▪ जिले की सयुंक्त आबकारी टीम ने सुढहेली में की कार्रवाई

### विशेष अभियान चलाकर हासिल की सफलता

# पुलिस ने 156 गुम मोबाइल किया रिकवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के विभिन्न थानों में विगत कुछ समय से दर्ज मोबाइल गुमने की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये जिला बलौदाबाजार पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइलों को रिकवर करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इसमें सीसीटीएनएस प्रभारी प्रधान आरक्षक विनोद सिंह, आरक्षक मुकेश तिवारी, प्रशांत दीवान, धर्मेंद्र यादव, सूरज राजपूत, अरविंद कौशिक, कमलेश श्रीवास की टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम मोबाइल की रिपोर्ट पर तत्परतापूर्वक खोजबीन करते हुए 156 नग गुम मोबाइलों को रिकवर करने में सफलता प्राप्त हुई है। रिकवर किये गये विभिन्न कंपनियों के मोबाइल की अनुमानित बाजार मूल्य 21,15,000 लाख रूपये है। अभियान में पुलिस टीम द्वारा जिला रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर चांपा, बेमेतरा, बालोद, धमतरी, शक्ति, कबीरधाम, कोरिया आदि जिलों से मोबाइल रिकवर किया गया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार द्वारा जनपद पंचायत बलौदाबाजार सभाकक्ष में उक्त सभी मोबाइलों को उनके मालिकों के सुपूर्द किया गया। मोबाइल गुम होने पर उसके मिलने की आस खो चुके लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर उन सभी के द्वारा जिला बलौदाबाजार पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रसन्नता व्यक्त किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा चर्चा करते हुए बताया गया कि पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर चलता रहेगा। साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को कहीं भी लावारिस मोबाइल पड़ा हुआ मिले या कोई व्यक्ति बिना रसीद के कम कीमत में मोबाइल उपलब्ध करा रहा है, तो ऐसा मोबाइल चोरी का अथवा किसी अपराध में उक्त मोबाइल का प्रयोग किया गया, हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में तुरंत अपने निकटतम थाने में इसकी सूचना देकर एक सच्चे नागरिक होने का कर्तव्य निभावे। सांथ ही उन्होंने अपील किया कि अपना मोबाइल सुरक्षित रखें। किसी व्यक्ति का मोबाइल पाने वाला, दीगर व्यक्ति उस मोबाइल का गलत उपयोग कर सकता है इसलिए अपना मोबाइल संभाल कर रखें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को सायबर फ्राड एवं यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई।




# एसडीएम आफिस के दो बाबूओं पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

**सिमगा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय सिमगा में कार्यरत सहायक ग्रेड-2 के बाबू संतोष ध्रुव एवं सहायक ग्रेड-3 के कर्मचारी दिगेंदर गंधर्व द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब किए जाने के फल स्वरूप कारण बताओ नोटिस जारी किया था। वहीं संबंधित कर्मचारीयों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोष जनक नहीं पाए जाने के फलस्वरुप कलेक्टर सोनी ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 10 (4) अंतर्गत उनके विरुद्ध एक वेतन वृद्धि असंचई प्रभाव से रोके जाने की कार्रवाई की है।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# धनतेरस से पहले पुष्य नक्षत्र पर कल बाजार में जमकर बरसेगा धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारी सीजन में नवरात्रि के बाद अब धनतेरस से पहले 24 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र पर बाजार में जमकर धन बरसेगा। इस बार पुष्य नक्षत्र गुरुवार को पड़ने के कारण इसका और ज्यादा महत्व है, इसलिए कारोबारियों को और ज्यादा कारोबार होने की संभावना है। यही नहीं, पुष्य नक्षत्र में दो दिनों तक शुभ मुहूर्त होने के कारण गुरुवार को दिनभर और शुक्रवार को एक बजे तक खरीदारी होगी। ऐसे में पुष्य नक्षत्र पर दो से ढाई हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है।

त्योहारी सीजन का सही मायने में प्रारंभ नवरात्रि से हो गया है। इसके बाद लगातार त्योहार हैं। धनतेरस से पहले पुष्य नक्षत्र में बाजार में बूम में रहेगा। पुष्य नक्षत्र में भी वाहन, कपड़ों, सोने-चांदी से लेकर हर तरह की खरीदी को शुभ माना जाता है। ग्राहक दिनभर राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर के बाजारों में खरीदारी करने पहुंचेंगे।

## एक ही दिन में दो से ढाई हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

### कपड़ों की भी जमकर खरीदारी

कपड़ों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। पुष्य नक्षत्र पर भी बाजार गुलजार रहेगा। पंडरी कपड़ा बाजार एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी के मुताबिक प्रदेश के शहरों के साथ आस-पास के राज्यों के कारोबारी भी खरीदारी करने पहुंचे हैं। इसी के साथ लोकल ग्राहक आ रहे हैं। दीपावली के बाद शादियों का सीजन भी रहेगा, ऐसे में पुष्य नक्षत्र में भी अच्छी खरीदारी होगी।



### मकान भी खूब बिकेंगे

नवरात्रि से ही रीयल एस्टेट में भी बूम आ गया है। यह बूम दीपावली तक जारी रहेगा। पुष्य नक्षत्र में दो दिनों तक मकानों की बिक्री होगी। एक अनुमान के मुताबिक रीयल एस्टेट में इस बार त्योहारी सीजन में हजार करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है। छोटे मकान जहां दस लाख तक के हैं, वहीं बड़े मकान एक करोड़ से ज्यादा के भी हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार भी गुलजार रहेगा। एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलईडी से लेकर किचन के सामान, मोबाइल, फर्नीचर की भी जमकर खरीदारी होगी।

### जमकर बिकेगा वाहन

पुष्य नक्षत्र पर वाहनों की खरीदारी को भी बहुत शुभ माना जाता है। ऐसे में धनतेरस की तरह ही वाहन बिकेंगे। पांच सौ करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है। जीके होंडा के संचालक पुनीत पारवानी के मुताबिक त्योहारी सीजन में दीपावली तक एक लाख बाइक बिकने का अनुमान है।

### सबसे ज्यादा बिकेगा सोना

*इस समय सोने की कीमत लगातार आसमान पर जा रही है। अब तो कीमत 80 हजार के पार हो गई है। इसी के साथ चांदी भी एक लाख के करीब है। कीमत में धनतेरस तक और इजाफा हो जाएगा। पुष्य नक्षत्र पर सराफा बाजार में आठ सौ से हजार करोड़ का कारोबार होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी के मुताबिक दीपावली तक प्रदेश में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक चांदी का कारोबार भी भरपूर होगा।*

## खबर संक्षेप

### स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है विधि विभाग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह ने विधि विभाग में स्टॉफ की भर्ती करने की मांग वित्त विभाग के सचिव से की है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधि मंत्रालय कार्यालय स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। विगत बजट में 19 अतिरिक्त पदों के सृजन के लिए वित्तीय प्रावधान की स्वीकृति दी गई थी। पद सृजन की स्वीकृति के लिए विधि मंत्रालय द्वारा 1 जुलाई को वित्त मंत्रालय नस्ती प्रेषित की गई, किंतु वित्त मंत्रालय द्वारा विधि मंत्रालय को नहीं लौटाई गई है। कर्मचारी संबंधित अधिकारियों से कई बार निवेदन कर चुके हैं, पर कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाई। अतिरिक्त सेटअप स्वीकृत न हो पाने से विभाग में भर्ती और पदोन्नति में विलंब से शासकीय कार्य प्रभावित होने के साथ-साथ कर्मचारियों में निराशा व्याप्त है।

### अरविंद्र बने जिलाध्यक्ष राजेंद्र जिला उपाध्यक्ष



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज की ओर से जिला इकाई रायपुर की बैठक और जिलाध्यक्ष का चुनाव हुआ। यह बैठक प्रदेश कार्यालय काशीराम नगर स्थित गुरु रविदास भवन में विगत दिनों की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष अरविंद्र कुभरे और जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र बरेकर को बनाया। साथ ही महिला मंडल से आशा मनघटे को जिला उपाध्यक्ष चुना गया। यह बैठक प्रांतीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. केएल टांडेकर और प्रांतीय संरक्षक शिवचरण खरे के नेतृत्व में की गई। यह जानकारी समाज के जिला महासचिव संतोष चौहान ने देते हुए बताया कि बैठक में शिवचरण खरे, मनोज सेवतकर, महेश चौहान आदि सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### फर्जी पेपर दिखाकर 20 लाख में बेच दी जमीन

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने 20 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी संकेत अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि हर्षद सुराना, दीपक कुमार, भवानी शंकर एवं मोहित यादव ने मिलकर उसे अकलतरा में 130 एकड़ भूमि बिक्री के लिए दिखाई थी। इस भूमि की रजिस्ट्री के दस्तावेज भी उनके द्वारा दिखाए गए थे, जिसे असली मानकर प्रार्थी ने जमीन का सौदा कर 20 लाख 19 हजार 98 रुपए अलग-अलग दिनों में आरोपियों को दिए। रकम देने के बाद जब जमीन के दस्तावेज की जांच की तो वे फर्जी निकले।

### 7 सहायक डीएड अभ्यर्थियों के विरुद्ध केस दर्ज

**रायपुर।** अपनी मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव का प्रयास कर प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने 8 सहायक डीएड अभ्यर्थियों के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। इनमें ओमप्रकाश साहू निवासी लोरमी, मेघा पाण्डे निवासी कोरबा, संतोष साहू, कुलदीप वर्मा, कमल राजपूत निवासी मुंगेली, इनायत अली, सतीश निषाद निवासी वैशाली नगर भिलाई के नाम शामिल हैं। पुलिस ने इन सभी के विरुद्ध आम रास्ता रोककर आवागमन बाधित करने, पुलिस स्टाफ द्वारा समझाइश देने के बाद भी पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की कर पुलिस कार्य में बाधा डालने के मामले में धारा 191(2), 126(2), 221 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर, मिनट टू मिनट शेड्यूल तय, ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- राष्ट्रपति का कार्यक्रम 25 एवं 26 को राजधानी में प्रस्तावित

भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के प्रवास की तैयारियों में शासन-प्रशासन जुटा हुआ है। इसके लिए राष्ट्रपति के आगमन से लेकर उनके कार्यक्रम की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है। इस शेड्यूल के अनुसार उनके विमानतल पर आगमन पर अगवानी से लेकर कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद प्रस्थान करने तक कार्यक्रम की मिनट टू मिनट रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

ट्रैफिक पुलिस ने राष्ट्रपति के शेड्यूल के अनुसार एडवाइजरी भी जारी की है, ताकि राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान तय मार्गों पर कुछ मिनटों के लिए आम गाड़ियों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में लोग परेशानी से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सकें।

### 11 बजे विमानतल आगमन इन मार्गों से होकर पहुंचेंगी कार्यक्रम स्थल

राष्ट्रपति का जारी शेड्यूल के अनुसार 25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे माना विमानतल आगमन होगा। वे यहां से सड़क मार्ग से सीधे एम्स हॉस्पिटल आडिटोरियम के लिए प्रस्थान करेंगी। इसके लिए माना विमानतल से व्हीआईपी रोड होकर पीटीएस चौक, ग्राम टेमरी, ग्राम फुंडहर चौक से फुंडहर एक्सप्रेस-वे होकर एक्सप्रेस-वे रोड होकर तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे ब्रिज के नीचे से रिंग रोड नंबर-01 होकर पचपेड़ीनाका, संतोषीनगर, कुशालपुर चौक, रायपुरा ब्रिज के आगे से यू-टर्न लेकर सर्विस रोड से होकर ठाकुर बार टर्निंग, रोहिणीपुरम गोल चौक, गायत्री हास्पिटल चौक से एनआईटी तिराहा, रविशंकर यूनिवर्सिटी गेट के सामने, आमानाका ब्रिज, मोहबा बाजार चौक, मोहबा बाजार ब्रिज से एम्स हास्पिटल गेट नंबर 05 से प्रवेश कर एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगी।



### दोपहर 1 बजे राजभवन पहुचेंगी

एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम के बाद दोपहर 12.45 बजे एम्स से वापस डीडीनगर मार्ग से होकर रिंग रोड नम्बर-1 से कांशीराम नगर ब्रिज के किनारे से केनाल रोड होकर बुढ़ीमाई चौक, कटोरा तालाब चौक, पंचशील नगर चौक, आनंद नगर चौक से जीईरोड होकर भगत सिंह चौक, अंबेडकर चौक से होकर दोपहर 1 बजे राजभवन पहुंचेंगी।

### डीडीयू ऑडिटोरियम में दोपहर 3.5 बजे कार्यक्रम में होंगी शामिल

राष्ट्रपति 25 तारीख को ही अपरान्ह 3.05 बजे राजभवन से प्रस्थान कर दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम साइंस कालेज रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगी। इसके लिए उनका काफिला राजभवन चौक से आंबेडकर चौक होकर जीई रोड से भगत सिंह चौक, आनंद नगर चौक से केनाल लिंकिंग रोड होकर रिंग रोड-1 से कुशालपुर चौक, रायपुरा ब्रिज के आगे से यू-टर्न लेकर सर्विस रोड से होकर ठाकुर बार टर्निंग, रोहिणीपुरम गोल चौक, गायत्री हास्पिटल चौक, हॉस्टल चौक से बॉये टर्न होकर गुजरेगा।

### 26 को जगन्नाथ मंदिर जाएंगी

राष्ट्रपति दूसरे दिन 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजे राजभवन से सीधे गायत्री नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर जाएंगी। इसके लिए आंबेडकर चौक, जीई रोड होकर एसआरपी चौक से भारतमाता चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज चौक, अनुपम नगर चौक से खम्हारडीह थाना होकर सुबह 9:10 बजे जगन्नाथ मंदिर पहुंचेंगी।

### 10 बजे हेलीकाप्टर से भिलाई के लिए प्रस्थान करेंगी

जगन्नाथ मंदिर दर्शन के बाद राष्ट्रपति 9:40 बजे माना विमानतल के लिए रवाना होंगी। खम्हारडीह थाना चौक से अनुपम नगर चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज सर्विस रोड से एक्सप्रेस वे मार्ग होकर फुंडहर एक्सप्रेस वे चौक से फुंडहर चौक, वीआईपी रोड होकर सुबह 10 बजे माना विमानतल पहुंचेंगी। यहां से वे हेलीकाप्टर से भिलाई के लिए रवाना होंगी, जहां कार्यक्रम के बाद दोपहर 1.05 बजे वापस माना विमानतल पहुंचकर राजभवन आएंगी।

### पुरखौती मुक्तांगन 5.05 बजे पहुचेंगी

डीडीयू आडिटोरियम कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति 4.30 बजे डीडीनगर मार्ग से होकर रिंग रोड 01 से तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे होकर फुंडहर एक्सप्रेस-वे चौक से ग्राम फुंडहर चौक से व्हीआईपी रोड होकर पीटीएस चौक, माना विमानतल तिराहा, स्टेडियम टर्निंग, चीचा तिराहा, खूबचंद बघेल चौक, चंदूलाल चंद्राकर चौक, महात्मा गांधी चौक, सेक्टर-22, राज्योत्सव तिराहा, नंदकुमार पटेल चौक होकर शाम 5.05 बजे पुरखौती मुक्तांगन पहुंचेंगी। यहां से वे सीधे राजभवन के लिए प्रस्थान करेंगी। इसके लिए वीआईपी रोड फुंडहर चौक से एक्सप्रेस-वे चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे से भारतमाता चौक, भगतसिंग चौक, आंबेडकर चौक होकर शाम 6.30 बजे तक पहुंचेंगी। रात्रि विश्राम राजभवन में प्रस्तावित है।

### आयुष विश्वविद्यालय में दोपहर 3.30 बजे कार्यक्रम में करेंगी शिरकत

राष्ट्रपति इसी दिन दोपहर 2.55 बजे राजभवन से आयुष विश्वविद्यालय नवा रायपुर के लिए रवाना होंगी, जहां 3.30 बजे आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति शाम 5 बजे माना विमानतल पहुंचकर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

# हथकरघा गोदाम से लाखों का धागा श्रमिक ने ही चुराया, बेचकर फरार, दो खरीदार गिरफ्तार

- कम कीमत पर धागा बेचकर फरार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के भनपुरी स्थित केंद्रीय गोदाम से लाखों रुपए का पीसी धागा चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। चोरी करने वाला कोई और नहीं, बल्कि गोदाम में काम करने वाला एक श्रमिक कर्मचारी निकला, जो माल चुराने के बाद इस कारोबार से जुड़े कुछ लोगों को बाजार भाव से बहुत कम कीमत पर धागा बेचकर फरार हो गया है। पुलिस ने इस मामले में दो खरीदारों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 लाख 80 हजार कीमत का चोरी का 63 बंडल धागा बरामद किया है। हालांकि मुख्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### गोदाम का श्रमिक ही निकला चोर

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोदाम से 9600 किलोग्राम पीसी धागा की चोरी करने वाला आरोपी मिथिलेश श्रीवास है, जो गोदाम का कर्मचारी है। जांच में पता चला कि मिथिलेश ने 22 जून को गोदाम बंद होने के बाद भी रात करीब साढ़े सात बजे गोदाम खोलकर बाहर से मजदूर बुलाकर दो वाहन में धागा लोडिंग कराकर चोरी कर ले गया। इसके बाद उसने चोरी का धागा जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मिस्दा और कैरा निवासी संजय कुमार देवांगन 32 वर्ष और जितेन्द्र कुमार देवांगन 37 वर्ष को बेचा था। दोनों को पता था कि जो माल वे मिथिलेश से खरीद रहे हैं, वह चोरी का है। माल चोरी का होने के कारण दोनों ने बाजार मूल्य से कई गुना कम कीमत पर यह माल खरीदा था। पुलिस ने दोनों खरीदार के गोदाम में दबिश देकर चोरी का माल बरामद किया है, जिनमें संजय के गोदाम से 16 बंडल पीसी धागा कीमत 2 लाख 49 हजार 600 रुपए एवं जीतेंद्र के गोदाम से 47 बंडल धागा, जिसकी कीमत 9 लाख 31 हजार 2 सौ रुपए बरामद किया गया है। विदित हो कि हथकरघा संघ से प्रदेश के 19 जिलों के 324 बुनकर सहकारी समितियों के माध्यम से बुनकर वस्त्र उत्पादन का कार्य किया जाता है। उक्त समितियों को गोदाम से ही वस्त्र उत्पादन के लिए धागा प्रदाय किया जाता है।

# वेटिंग बढ़ने पर रेलवे दीपावली और छठ पूजा में चलाएगा 4 स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- बिहार जाने सारनाथ और साउथ बिहार एक्सप्रेस में 200 से अधिक वेटिंग होने पर रेलवे ने लिया फैसला

दीपावली से अधिक छठ पूजा में वेटिंग, सारनाथ में 260, स्पेशल में भी 144 के शीर्षक से हरिभूमि ने मंगलवार के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद अब जोन ने 4 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। यात्रियों को अब छठ पूजा के लिए बिहार रूट में कंफर्म टिकट मिल सकेगा। बता दें कि सारनाथ और साउथ बिहार एक्सप्रेस में वेटिंग 200 होने से यात्रियों को पटना के लिए कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा था। हरिभूमि ने यात्रियों की समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।



दीपावली व छठ के अवसर पर चलने वाली स्पेशल ट्रेन में 08895 गोंदिया-छपरा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 व 0 4 नवंबर को चलेगी। इसके अलावा 08896 छपरा- गोंदिया स्पेशल छपरा से 4 व 5 नवंबर। तीसरे ट्रेन 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल, गोंदिया से 3 और 4 नवंबर को रवाना होगी। चौथी ट्रेन 08898 पटना - गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 02 फेरे के लिए पटना से 04 व 05 नवंबर है।

# दक्षिण क्षेत्र में आचार संहिता ने अटकाई मठपुरैना के 406 ईडब्लूएस फ्लैट की लाटरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाठागांव क्षेत्र स्थित मठपुरैना में निर्मित 406 ईडब्लूएस फ्लैट की लाटरी दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण अटक गई है। किरायेदारों के लिए किफायती आवास योजना के तहत मठपुरैना के बीएसयूपी एचपीएल साइट में 406 बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट के लिए 1595 आवेदकों ने आवेदन किए। इस तरह करीब 4 गुना ज्यादा आवेदन मठपुरैना साइट के रिक्त आवास के लिए प्राप्त हुए हैं। आवेदन पत्रों की छंटाई और दस्तावेज की पड़ताल की जा रही है। ऐस में आचार संहिता शिथिल होने के बाद ही पात्र हितग्राहियों के आवास आवंटन की लाटरी निकाली जाएगी। मोर मकान मोर स्कीम के तहत रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले किरायेदारों को किफायती आवास उपलब्ध कराने नगर निगम ने शहर के 4 अलग-अलग लोकेशन में रिक्त ईडब्लूएस आवास के लिए आवेदन मंगाए। इनमें मठपुरैना, कचना, सोनडोंगरी और दलदल सिवनी साइट शामिल है। इन स्थानो पर निर्मित ईडब्लूएस फ्लैट के लिए निर्धारित संख्या से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों पत्रों के साथ संलग्न दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच कर स्कूटनी की जा रही है। इस कार्य में अभी 15 दिन का समय और लग सकता है। इसके बाद ही पात्र हितग्राहियों की प्रारंभिक सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

# तेलीबांधा तालाब के एसटीपी की देखरेख करेगी नागपुर की कंपनी, 10 साल के लिए ठेका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तेलीबांधा तालाब के जल शुद्धिकरण के लिए लगाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की देखरेख अब नागपुर की गो ग्रीन साल्यूशन कंपनी करेगी। नगर निगम ने आनलाइन टेंडर कर इस कंपनी को 10 साल के एसटीपी के संचालन व संधारण कार्य के लिए अनुबंधित किया है। अनुबंधित कंपनी को इस कार्य के एवज में 2 करोड़ 65 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। अनुबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर जारी कर दिया गया है। तेलीबांधा तालाब का पानी दूषित होने और उसमें आक्सीजन की मात्रा कम होने से तालाब की मछलियां मरने की शिकायत के बाद निगम प्रशासन ने अस्थायी रूप से स्थानीय एजेंसी को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया। संबंधित एजेंसी का कार्यकाल पूरा होते ही नगर निगम प्रशासन ने तेलीबांधा में जैविक तरीके से पानी को शुद्ध करने के लिए लगाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट संचालन के लिए टेंडर किया।




10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

# बौद्ध समाज ने मनाया धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- खेलकूद स्पर्धा में बच्चों में दिखा उत्साह

बौद्ध समाज डीडीनगर द्वारा डॉ. आंबेडकर बुद्ध विहार अग्रोहा कॉलोनी में गत दिनों धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में समाज के लोग और नगरवासी शामिल हुए। इस अवसर पर सामुदायिक भवन डीडीनगर सेक्टर-2 में पुरुष, महिलाएं और बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा काफी उत्साह दिखाया गया। इस मौके पर इस मौके पर मुख्य वक्ता डॉ. रमेश सुखदेवे ने 15 अक्टूबर 1956 के डॉ. आंबेडकर द्वारा जो भाषण दिया गया, उनके मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। इसी दौरान मुख्य अतिथि अंजू मेश्राम ने मानवीय जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक बसंत निकोसे ने, डॉ. आंबेडकर द्वारा नासिक के समीप येवला नगर में दिए गए भाषण 13 अक्टूबर 1935 में उल्लेखित मुख्य बिंदु में कहा कि मैं हिंदू कर्म में पैदा हुआ, ये मेरे वश में नहीं था, लेकिन मैं हिंदू धर्म में कदापि नहीं मरूंगा, के संबंध में प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को कार्यक्रम अध्यक्ष जेके भिमटे, जयश्री खोब्रागड़े आदि संबोधित किया। कार्यक्रम की अतिथि जयश्री खोब्रागड़े द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। मैत्रीय महिला समिति द्वारा धम्म पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम पुरस्कृत किए गए। वरिष्ठ नागरिक सम्मान सीडी खोब्रागड़े, दीपक रंगारी, एवं कौशल बंसोड़ को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। साथ ही प्रतिभावन छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र कोल्लेकर, अनिल टेंबेकर, दीपक रंगारी, विजय वाहने, मंजूषा माटे, सुशीला भिमटे, भारती टेंबेकर, वैशाली बंसोड़, सुषा निकोसे, अनीता भिमटे, डॉ. वलना सुखदेवे, ज्ञानेश्वर, नंदू नेटके, राजेश धारगावे आदि पदाधिकारी शामिल थे।



### झेरिया यादव समाज की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**रायपुर।** महादेवघाट रायपुरा स्थित प्रधान कार्यालय यादव सामाजिक भवन में विगत दिनों छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज महानगर इकाई रायपुर की बैठक हुई। बैठक में शहर अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने कहा कि छात्रावास में 23 छात्र-छात्राओं को निशुल्क सुविधाओं का लाभ उठाने और छात्रावास के नियमों तथा आपसी प्रेम, भाईचारा बनाए रखने के संबंध में जानकारी दी। इसी दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष शत्रुघन यादव ने छात्र-छात्राओं को अनुपस्थिति, मान्य-अमान्य, विशेष परिस्थिति में अनुमति लेने के संबंध में दिशा-निर्देश के संबंध में बताया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सड़क डामरीकरण, सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने पार्षद व एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी के साथ पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में 53 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। इसमें सड़क डामरीकरण, सीसी रोड, नाली निर्माण कार्य शामिल है।
पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में मंगलवार को 40 लाख रुपए की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य एवं 13 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जल संरक्षण : कांकेर की पंचायत को राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर।** जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए कांकेर जिले की ग्राम पंचायत मासुलपानी को 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में श्रेष्ठ पंचायत की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में केंद्रीय जलमंत्री सीआर पाटिल द्वारा ग्राम पंचायत मासुलपानी की सरपंच रमिया नेताम को पुरस्कृत किया गया। जल संरक्षण के क्षेत्र में मासुलपानी पंचायत ने 161 जल शेड संरचनाएं बनाई गई हैं, जिनमें 99 फार्म तालाब शामिल हैं। इसके अलावा, वर्ष 2023 के दौरान पंचायत द्वारा 39 नंबर ब्रशवुड, एक सामुदायिक तालाब डी-सिल्टिंग, 02 कुएं, 02 भूमिगत बांध, 03 गेबियन और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इसके चलते लोगों ने सिंचाई के लिए सतही जल का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

# रबी के धान की जगह दलहन-तिलहन, मक्का, उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा

## गर्मी के धान का रकबा 6475 हेक्टेयर कम करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर।

रबी के सीजन में ली जाने वाली धान की फसल की जगह अब दलहन-तिलहन मक्का और अन्य उद्यानिकी फसलों के उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है। यही वजह है कि रायपुर जिले में गतवर्ष 11978 हेक्टेयर में ग्रीष्म कालीन धान की खेती की गई थी। इस वर्ष धान का रकबा 6478 हेक्टेयर कम कर के अन्य फसल जैसे दलहन 4125 हेक्टेयर में, तिलहन 1062 हेक्टेयर में, मक्का 89 हेक्टेयर में, उद्यानिकी 717 हेक्टेयर में, गेंहू 451 हेक्टेयर इस प्रकार कुल 6478 हेक्टेयर में प्रतिस्थापन की कार्ययोजना ग्रामवार बनाई गई है।

अलग खबर



### धान कटाई के बाद उगाएं ये फसल

किसानों के सलाह दी गई है कि इस के लिए वर्षा आधारित स्थिति में धान के पश्चात उतेरा फसल के रूप में विभिन्न दलहनी फसल- तिवडा, चना, मसूर, बटरी, इत्यादि तिलहनी फसलों- अलसी, सरसों इत्यादि को उपयुक्त समय में पर्याप्त नमी की उपलब्धता में बुआई किया जाएं। जिन क्षेत्रो में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वहां पर रबी फसलों के लिए खेती की तैयारी अच्छे से करें। रबी के मौसम में मसूर, चना, मटर, सरसों, अलसी, कुसुम इत्यादि फसलों को खेतो को अच्छी तरह तैयार कर कतारों में बुआई करें। कृषक जिनके पास पर्याप्त सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वह खेत भलीभांति तैयार कर कतार में सिडड्रिल के माध्यम से गेहूं, मक्का, मटर, सरसों, सूर्यमूखी, आलू, प्याज एवं सब्जीयों की बुआई नवम्बर माह में पूर्ण कर लें तथा रागी फसल की बुआई जनवरी, फरवरी माह में किया जा सकता है।

## हर हाल में लक्ष्य पूरा करने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सख्त निर्देश

# सदस्यता लक्ष्य पूरा न कर पाने वाले सांसद-विधायकों से संगठन खफा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के 50 लाख का लक्ष्य पार करने को लेकर जहां राष्ट्रीय संगठन ने सहारना की है, वहीं जो भी सांसद, विधायक और प्रदेश, जिला संगठन के पदाधिकारी लक्ष्य पूरा नहीं कर सके हैं, उनसे राष्ट्रीय संगठन खफा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने सभी को लक्ष्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसी के साथ उन बूथों को लेकर भी नाराजगी सामने आई है, जहां 50 या इससे कम सदस्य बने हैं। इस पर भी फोकस करने कहा गया है। महिला सदस्य और ज्यादा बनाने के लिए भी कहा गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए सांसदों का जहां 20-20 हजार लक्ष्य तय किया है, वहीं विधायकों का लक्ष्य 10-10 हजार है। सांसदों में एकमात्र केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ही 20 हजार का लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं। इसके बाद महासमुंद की सांसद रूप कुमारी चौधरी ने दस हजार का आंकड़ा पार किया है। इसके अलावा और कोई सांसद दस हजार तक भी नहीं पहुंचा है। विधायकों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सारे मंत्री और करीब दो दर्जन विधायक ही दस हजार के लक्ष्य तक पहुंचे हैं। इसी के साथ अलग-अलग स्तर पर संगठन के पदाधिकारियों को भी लक्ष्य दिया गया था। दिल्ली की बैठक में सभी के बारे में जानकारी दी गई तो राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने लक्ष्य पूरा न करने वालों को लेकर भारी नाराजगी जताई है। सभी से अपना लक्ष्य तय समय में पूरा करने के लिए कहा गया है।



### थोक में बूथ भी लक्ष्य से परे

भले प्रदेश संगठन ने 50 लाख से ज्यादा सदस्य बना लिए हैं, लेकिन थोक में बूथ भी अपने लक्ष्य से दूर हैं। कई बूथों में जहां 50 सदस्य ही बने हैं, वहीं कई तो 50 सदस्य भी नहीं बना सके हैं। हर बूथ को 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। राष्ट्रीय संगठन ने बूथों से भी अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए कहा है। इसी के साथ सदस्यता में महिलाओं की भागीदार कम देखते हुए महिलाओं को और ज्यादा सदस्य बनाने पर फोकस करने के लिए कहा गया है। सदस्यता अभियान अभी 31 अक्टूबर तक चलेगा।

# धान खरीदी में किया फर्जीवाड़ा केन्द्र प्रभारी रामदास गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- शासन को 91 लाख रुपए से अधिक की लगाई थी चपत
- बिलासपुर में छिपकर रह रहा था आरोपी

मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के गुरुवाइनडबरी धान खरीदी केंद्र में फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपी रामदास बंजारे को पुलिस ने तिफरा बिलासपुर के पास घेरा बंदी कर मंगलवार को गिरफ्तार किया। गुरुवाइनडबरी धान खरीदी केंद्र प्रभारी रहते हुए फर्जीवाड़ा कर शासन को 91 लाख 68 हजार रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान पहुंचाया था। धान खरीदी में गड़बड़ी का मामला आने पर कलेक्टर राहुल देव के निर्देश पर केन्द्र प्रभारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं विवेक शुक्ला के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी लोरमी माधुरी धीरही के नेतृत्व में थाना लालपुर एवं साइबर सेल की टीम द्वारा आरोपी रामदास बंजारे की गिरफ्तारी के लिए सभी संभावित स्थानों पर छापेमारी की गई। एफआईआर के बाद से आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी बिलासपुर के तिफरा के पास छिपकर अपना नाम पता बदल कर रह रहा था। सूचना पर तत्काल थाना लालपुर और साइबर सेल की टीम को गिरफ्तारी के लिए, बिलासपुर भेजा गया और तिफरा के पास आरोपी को घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### 2500 क्विंटल से अधिक धान का गबन

सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास ने बताया कि रामदास बंजारे द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के दौरान 25 सौ क्विंटल से अधिक धान का गबन किया गया था। साथ ही किसानों से खरीदे गए धान में से 600 बोरी धान को बेईमानी पूर्वक बिक्री करने के लिए श्याम राईस प्रोडक्ट बरेला के ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 2108 में लोड कराया गया था। उक्त कृत्य के लिए उनके खिलाफ थाना लालपुर मुंगेली में अपराध दर्ज करते हुए जांच की जा रही थी। आरोपी रामदास बंजारे अपराध दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था।




## खबर संक्षेप

### स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** उपमुख्यमंत्री, गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के जरूरतमंद हितग्राही के लिए राशि स्वीकृत किए है। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम भोरिंग निवासी अजीत ढीढी के लिए राशि स्वीकृत किया गया है।

### 32 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 08 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विखं के ग्राम डूमरपाली की मृतिका मीना टंडन, ग्राम तमोरा के मृतक भेखराम यादव, ग्राम खट्टी के मृतक तुलाराम मांझी, सरायपाली विखं के ग्राम भोथलडीह के मृतक उस्मन दास एवं ग्राम झिलमिला के मृतक लिंगराम प्रधान के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर सरायपाली विखं के ग्राम केंदूढार की मृतिका सिमरन राणा एवं ग्राम मोहनजुड़ा की मृतका धोबनी बाई उरांव तथा आग में जलने से मृत्यु होने पर ग्राम मुड़पहार की मृतिका सत्यभामा के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मारपीट के दो मामले

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पहली घटना को लेकर पुलिस को प्रार्थी नीलांचल बंछोर निवासी जंगलबेड़ा ने बताया कि 19 अक्टूबर की रात खाना खाकर टहलने के लिए निकला था। रात करीब 09 बजे आरोपी ने ओमप्रकाश तांडी ने गाली गलौज करते हुए ईंट से मारपीट की।

# रामायण में है भगवान राम और देवी सीता के चरित्र का वर्णन

## सकरी में कार्तिक रामायण जारी, 15 नवम्बर तक चलेगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

समीपस्थ ग्राम सकरी में जारी कार्तिक रामायण के अवसर पर उपस्थित वक्ताओं द्वारा रामायण में कुल 24 हजार श्लोक होने और सात कांडों में विभाजित है, जिसमें बालकांड, अयोध्याकांड, अरण्यकांड, किष्किन्धाकांड, सुंदरकांड, युद्धकांड (लंकाकांड) और उत्तरकांड शामिल हैं।

रामायण के पात्रों ने कहा रामायण में भगवान राम और देवी सीता की कहानी तथा इसमें रिश्तों के कर्तव्यों को समझाये जाने की बात कही। रामायण को इतिहास की शैली में लिखे होने तथा अतीत की घटनाओं के बारे में बताया गया है और मानव जीवन के लक्ष्यों पर शिक्षाएं दी गई है। वक्ताओं ने कहा कि रामायण के जरिए यह बताया गया है कि बुराई चाहे कितनी ही शक्तिशाली हो, लेकिन अच्छाई के सामने वह कमजोर रहती है और अंत में हारती है। 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक आयोजित संगीत मय श्रीराम चरितमानस कथा रामायण का आयोजन जय महामाया मानस मंडली के तत्वावधन में जारी है। समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू एवं संचालक मुरारी साहू ने जानकारी देते हुए बताया है कि कार्तिक रामायण में अंचल के कई मानस मंडली भाग लेकर भगवान राम की कथा का गुणान संगीत के साथ किया जा रहा है, जिससे ग्राम सकरी भक्तिमय हो गया है। श्रीराम चरितमानस प्रति दिन शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक आयोजित किया जावेगा।



**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर कौशिल्या वर्मा, थानूराम साहू, बिमला साहू, दुर्गा देवांगन, मेघनाथ साहू, प्रमोद देवांगन, मनहरण साहू, नोखराम साहू, चंद्रहास साहू, संतोष देवांगन, जनकराम साहू, नेमीचंद्र साहू, रूपेन्द्र साहू, दीनदयाल साहू, खिलेश्वर साहू, मिथलेश देवांगन, सुरेन्द्र साहू, संतराम साहू, जमुना बाई देवांगन, यशोदा बाई साहू, मीना बाई साहू, रानी बाई साहू, सविता साहू, सुकृता बाई साहू, शांति बाई साहू, परदेशनीन बाई सेन, मथूरा बाई देवांगन, जानकी बाई साहू उपस्थित होकर अपना सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने रबी फसलों के लिए मैदानी अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की

# फसलों को कीट प्रकोप से बचाने किसानों को दें वैज्ञानिक सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- मैदानी अधिकारी किसानों के खेतों का नियमित करेंगे भ्रमण, देंगे उचित सलाह

जिला पंचायत सभाकक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रबी फसलों के लिए मैदानी अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और विभिन्न कृषि विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी मैदानी अधिकारियों को नियमित रूप से कृषकों के खेतों का भ्रमण कर विभागीय योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करने के साथ ही धान फसल में विभिन्न कीटों और बीमारियों के नियंत्रण हेतु उचित सलाह देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को किसानों की समस्या का त्वरित करने सख्त हिदायत देते हुए लापरवाही बरतने के कारण किसानों को कोई दिक्कत होती है, तो संबंधित के पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण वितरण के लिए सभी अधिकारियों को कृषकों को समितियों में भेजने और ऋण स्वीकृति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक कृषकों का बीमा कराने का लक्ष्य रखा गया है। धान कटाई के बाद बचे फसल अवशेषों के प्रबंधन हेतु अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, ताकि पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। सभी किसानों का डाटा कैरी फारवर्ड और सत्यापन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वर्तमान में रबी फसलों के लिए 7334.50 क्विंटल बीज की मांग प्रेषित की गई है, जिसका भंडारण बीज निगम द्वारा किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसानों की मांग के अनुसार बीज का भंडारण एवं वितरण हो। इस वर्ष 797 हेक्टेयर में बीज उत्पादन कार्यक्रम लिया जाना है, ताकि आगामी वर्ष में अन्य जिलों पर निर्भरता कम हो सके। इसके अलावा, ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में कमी कर अन्य फसलों को बढ़ावा देने के लिए कृषक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। कृषक मित्र, कृषि सखी और पशु सखी को जल संरक्षण हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। मिलेट्स फसलों की खेती को भी प्रोत्साहित किया जाएगा और कृषकों को मांग अनुसार बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रहे 5 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों दत्तात्रेय ठाकरे, अश्वनी कुमार साहू, ब्रिजेश कुमार यादव, युरान्शी नवरंग तथा हरिकिशन चंद महिलांगे को बैग, वजन मापक यंत्र व टेप प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया गया।




# मानदेय के लिए विधायक से मिले रोजगार सहायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

तिल्दा जनपद पंचायत के मनरेगा ग्राम रोजगार सहायकों को विगत 3 माह से मानदेय नहीं मिलने से परेशान है। इसके अलावा हड़ताल अवधी के 70 प्रतिशत मानदेय राशि की भुगतान शेष है तथा आगामी दिनों में दिपावली जैसे बड़े त्यौहार है, जिसे देखते हुए धरसींवा विधायक अनुज शर्मा से मिलकर मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें विधायक ने सहर्ष स्वीकार करते हुए त्यौहार के पहले तीन माह का मानदेय एवं हड़ताल अवधी का 70 प्रतिशत मानदेय देने प्रदेश सचिव, वित्त विभाग को अवगत कर मानदेय दिलाये जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष पूनम ऑडिल, खड़ानंद वर्मा, शाखाराम कोसले, अशोक टंडन एवं नरेश निर्मलकर उपस्थित थे।

### गांव में जुआ खेल रहे सात लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम जमनीडीह में जुआ खेल रहे सात लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि जमनीडीह के आम गली में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जुआ खेल रहे संतकुमार कर्ष पिता गणेश राम कर्ष (28 साल), रामो राम निषाद पिता मंगल सिंग (30 साल), उद्धव सिदार पिता रामा सिदार (38 साल) सभी निवासी जमनीडीह और नील कुमार चौहान पिता फिरत राम चौहान (31 साल) निवासी धोबनीडीह थाना सरसीवा जिला झारबंद बिलाईगढ़ हाल जमनीडीह चौकी भंवरपुर के खिलाफ कार्रवाई की।

# कलेक्टर ने की नशामुक्त भारत अभियान के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक के दौरान नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्ति के संबंध में विभागों से गत माह में किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गठित समिति के सदस्यों को नशामुक्त भारत अभियान के तहत सघन रूप से व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, वनमंडलाधिकारी पंकज राजपूत सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।




बैठक में कलेक्टर लंगेह ने समाज कल्याण विभाग को कहा कि वे शासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक एक-एक मास्टर वालंटियर नियुक्त करें। इसके अलावा, विद्यालय या महाविद्यालय स्तर पर एक शिक्षक को समिति में शामिल किया जाए। उन्होंने जमीन स्तर पर नशा के विरुद्ध कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने युवाओं, बच्चों, शैक्षणिक संस्थानों, महिलाओं और जन समुदाय की भागीदारी के साथ मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम के लिए हॉटस्पॉट का चिन्हांकन कर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा स्कूल व कॉलेजों में निरंतर अभियान चलाए जाए व शिक्षकों द्वारा नशामुक्ति पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि, अधिक से अधिक युवाओं को मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक कर उन्हें रोका जा सके। साथ ही स्कूल और कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में नशीली पदार्थों के विक्रेताओं को हटाने के लिए कहा गया है।

# नोडल अधिकारी ने कराया न्योता भोज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शासकीय प्राथमिक शाला कोसमंदा में नोडल अधिकारी जनपद पंचायत पलारी संतराम निर्मलकर द्वारा प्रथम पुत्र रत्न प्राप्ति पर बच्चों को न्योता भोज कराया, जिसमें बच्चों को पौष्टिक आहार सहित केला, सेब, जलेबी एवं नमकीन दिया गया तथा उपहार स्वरूप बच्चों को पहाड़ा, पेन व पेंसिल वितरण की गई। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला कोसमंदा के प्रधान पाठक ललित कुमार पटेल एवं हाई स्कूल कोसमंदा की प्राचार्य डामिन साहू, शिक्षक राजेश कुमार साहू, रोशन लाल ध्रुव, अमन कुमार तिवारी, रवि किरण पैकरा एवं सहयोगी शिक्षक नेहा वर्मा, डाली वर्मा और साथ–साथ गायत्री स्व सहायता समूह की सदस्य भी उपस्थित रहा।

# छड़िया स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा नेवरा, संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर द्वारा अपने जन्मदिन पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संकुल पचरी के अंतर्गत समस्त विद्यालयों के साथ–साथ जनप्रतिनिधिगण एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। विद्यार्थीगण नियमित मध्यान्ह भोजन के साथ–साथ फलों एवं मिठाई आदि अतिरिक्त व्यंजन का भी लुफ्त उठाए। विद्यालय के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं प्रधान पाठक एस के देवांगन के साथ संकुल प्राचार्य प्रकाश चंद्र गिलहरे, संकुल समन्वयक कांत कुमार तथा विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकगण युगल किशोर वर्मा, नरेंद्र कुमार साहू, योगेंद्र कुमार देवांगन, दिनेश कुमार साहू, प्रवीण कुमार साहू, देव प्रसाद ध्रुव, लुकेश कुमार ध्रुव, जितेंद्र नेताम, परसराम देवांगन, प्रदीप कुमार खूंटे, रोशन कुमार साहू, युधिष्ठिर बुडेक, शांता पठारे, रविकांत पांडे आदि ने जन्मदिन की बधाई दी।



### बाइक चोरी के तीन अलग-अलग मामले

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थानों में बाइक चोरी की तीन घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पहले मामले को लेकर बागबाहरा थाने में कुलदीप कुमार पटेल निवासी कोपरा गरियाबंद ने बताया कि 8 अक्टूबर को वह अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एमई 9675 को अपने भाई के साथ चंडी मंदिर घुंचापाली दर्शन के लिए आया था। वह अपने मोटर सायकल को मरार समाज के भवन के पास रखकर चंडी माता के दर्शन के लिए गया था। वापस आकर देखा तो बाइक वहां पर नहीं थी। आसपास मोटर सायकल के संबंध में पूछताछ कर पता तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। वहीं तुमगांव थाने में कुंजराम चक्रधारी निवासी कुरूद कुटेला थाना आरंग ने बताया कि 21 अक्टूबर को दीया बेचने के लिए अपनी मोटर सायकल सीजी 07 बीक्यू 7644 से आया था।

# रासेयो राष्ट्रीय एकता शिविर हरियाणा में सम्मिलित हुए स्वयंसेवक दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार (हरियाणा) में 11 से 17 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले से शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से डॉ.अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य एवं डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के मार्गदर्शन में स्वयंसेवक दिनेश कुमार साहू एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर ने राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय एकता शिविर में देशभर के 20 राज्यों के 200 स्वयंसेवक सम्मिलित हो रहे है। प्रथम दिवस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी वाइस चांसलर चौधरी बाबू लाल विश्वविद्यालय हरियाणा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ में सभी राज्यों ने अपने परिचय गीत नृत्य के माध्यम से अपने राज्य संस्कृति के माध्यम से झलक बिखेरा, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने मोर छत्तीसगढ़ महतारी तोला बारंबार प्रणाम हे गीत पर स्वयंसेवकों ने प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय एकता शिविर का दूसरा दिन कौशल विकास व सोसल मीडिया पर चर्चाएं चली। डिजिटल साक्षरता पर भी चर्चा हुई। विजय दशमी के खास अवसर पर रावण दहन कर दशहरा पर्व मनाया गया।

# बालिकाओं का सुआ नृत्य बना आकर्षक

**सुहेला।** दिपावली पर्व के कुछ दिन शेष होने के चलते अंचल में बालिकाओं द्वारा सुआ नृत्य कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं को सहेजने में योगदान दे रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से, बच्चे न केवल मनोरंजन करते हैं, बल्कि अपनी संस्कृति को भी आगे बढ़ाते हैं। उनका नृत्य और गीत हमारे समाज की जीवंतता को दर्शाते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनते हैं। इस प्रकार बच्चों का योगदान न केवल मनोरंजन का हिस्सा है, बल्कि यह सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती प्रदान करता है।



## शिवकुमार बने अध्यक्ष, विधायक भी कार्यक्रम में हुए शामिल

# साहू समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

तहसील, नगर सहित परिक्षेत्र साहू समाज का कर्मा भवन कसडोल में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। नगर साहू समाज अध्यक्ष की शपथ शिवकुमार साहू ने ली। वहीं तहसील साहू समाज के अध्यक्ष के रूप में सुरेन्द्र साहू ने शपथ ग्रहण किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में साहू समाज के लोग मौजूद रहें। मनोरंजन के लिए बच्चों का एकल सहित ग्रुप नृत्य का भी आयोजन रखा गया था। शपथ ग्रहण के दौरान मुख्य अतिथि कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू ने शहीद संत राम साहू के पिता श्यामलाल साहू को पुष्पमाला पहनाकर उनका सम्मान और आशीर्वाद भी लिया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि बलौदाबाजार जिला में पहली बार ऐसा हुआ, जिसमें कोई महिला पदाधिकारी की नियुक्ति हुई है, यह पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। वहीं ग्राम सेमरिया के परिक्षेत्र अध्यक्ष सीता देवी साहू को बधाई देते कसडोल तहसील साहू समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू, कसडोल नगर साहू समाज अध्यक्ष शिवकुमार साहू सहित सभी पदाधिकारियों को भी बधाई दी। मीडिया प्रभारी के तौर पर भानु प्रताप साहू और जय साहू ने भी शपथ ली। इस दौरान तमाम समाज के पदाधिकारी मौजूद रहें।






कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी



नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशि:-स्लीपर -19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411